भारत सरकार

जनजातीय कार्य मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2471

उत्तर देने की तारीख 31.07.2017

जनजातीय क्षेत्रों का विस्तार

2471. श्री मानशंकर निनामाः

श्री अर्जुन लाल मीणाः

क्या जनजातीय कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को देश में जनजातीय क्षेत्रों के विस्तार हेतु राज्य सरकारों से कोई प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार का विचार राजस्थान में जनजातीय क्षेत्रों का विस्तार करने का है;

(घ) यदि हां, तो इन प्रस्तावों को कब तक अनुमोदित किए जाने की संभावना है; और

(ङ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

जनजातीय कार्य राज्यमंत्री

(श्री जसवंतसिंह भाभोर)

(क) **और (ख):** जनजातीय कार्य मंत्रालय ने राजस्थान और केरल राज्य सरकारों से अनुसूचित क्षेत्रों के विस्तार/घोषणा के लिए प्रस्ताव प्राप्त किए हैं।

(ग) और (घ): अनुसूचित क्षेत्रों के विस्तार/घोषणा के लिए राजस्थान सहित राज्य सरकार से प्राप्त किसी प्रस्ताव की निर्धारित मानदण्ड़ के अनुसार जांच की जाती है तथा निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार कार्रवाई की जाती है। अत: ऐसे किसी प्रस्ताव की स्वीकृति की समय सीमा निर्धारित नहीं की जा सकती

****